





## एक नजर में

### कलेक्टर द्वारा आश्रय निधि से 87 .39 लाख के तीन कार्य स्वीकृत

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा आश्रय निधि से नीमच शहर के गंदी बस्ती क्षेत्रों में निर्माण कार्यों के लिए 87 लाख 39 हजार 586 रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। शहरी विकास परियोजना अधिकारी श्री पराग जैन ने बताया, कि कलेक्टर द्वारा आश्रय निधि से नीमच के वार्ड क्रमांक 9 में भरभडिया रोड नई आबादी से विभिन्न गलियों में सीसी रोड निर्माण हेतु 19 लाख 64 हजार 973 रूपये की राशि स्वीकृत की गई हैं। इसी तरह वार्ड क्रमांक 17 मछली मार्केट में नजामा के मकान से महेन्द्र के मकान तक गली नं. एक व 4 में सी सी रोड व आरसीसी नाली निर्माण कार्य के लिए 39 लाख 68 हजार 942 रूपये की राशि एवं वार्ड क्रमांक 9 गाडोलिया लौहार बस्ती नीमच में नाली निर्माण कार्य के लिए आश्रय निधि से 28 लाख 5 हजार 671 रूपये की राशि स्वीकृत की गई हैं।

### मजदूरी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ी, खून की उल्टियां कर मजदूर ने तोड़ा दम

**नीमच।** मनासा थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ा बाराजी निवासी 45 वर्षीय मांगीलाल भील की रविवार को अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक धामनिया सरवानिया चौकी क्षेत्र में मजदूरी करने गया था, जहां काम के दौरान उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई। जानकारी के अनुसार, रविवार शाम करीब 4 बजे मांगीलाल को खून की उल्टियां होना शुरू हुईं। स्थिति गंभीर होती देख मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने तत्काल उसे नीमच जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर संबंधित थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर प्रारंभिक जांच कर आवश्यक कार्रवाई की। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। प्रारंभिक रूप से मौत का कारण आंतरिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या मानी जा रही है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### नगर परिषद ने विशेष सफाई अभियान चलाया



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार व मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री विकास डावर के मार्गदर्शन में नगर परिषद जीरण द्वारा स्वच्छता की दिवाली अभियान अंतर्गत नगर परिषद जीरन द्वारा नगर के किलेश्वर मंदिर व मंदिर प्रांगण में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। 10 दिवसीय अभियान में हर दिन अलग अलग जगहों जैसे सार्वजनिक स्थान बस स्टैंड , महापुरुषों की प्रतिमाओं, डिवाइडर, शौचालयों, संस्थानों आदि में दीवाली तक विशेष सफाई की जाएगी।

### सांदीपनी विद्यालय मनासा का गौरव , कुलदीप कीर का राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता हेतु चयन



**मनासा।** नगर के प्रतिष्ठित सांदीपनी विद्यालय मनासा के होनहार खिलाड़ी कुलदीप कीर कक्षा 10वीं ने खेल जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता (अंडर-17 वर्ग) में शानदार खेल दिखाया। अपने बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर कुलदीप का चयन अब राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है।विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं साथियों में कुलदीप की इस सफलता पर हर्ष का माहौल है। विद्यालय प्राचार्य ने कुलदीप की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे मनासा क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है। कुलदीप की मेहनत, अनुशासन और लगन ने उन्हें यह मुकाम दिलाया है। विद्यालय परिवार ने कुलदीप की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं। साथ ही अन्य विद्यार्थियों से भी आह्वान किया गया कि वे कुलदीप से प्रेरणा लेकर अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें।

### तहसीलदार रामपुरा की बड़ी कार्रवाई

**नीमच.** अवैध उत्खनन पर लगाम कसते हुए तहसीलदार रामपुरा मृगेंद्र सिसौदिया द्वारा जेसीबी जप्त कर पुलिस थाना रामपुरा के सुपुर्द की गई, मामलानुसार गत दिनांक 23 सितंबर शाम को जिला नीमच अंतर्गत तहसील रामपुरा तहसीलदार मृगेंद्र सिसौदिया द्वारा ग्रामीण क्षेत्र भ्रमण दौरान ग्राम मजीरिया क्षेत्र में अवैध उत्खनन करते जेसीबी मशीन पाई गई, दबिश दौरान जेसीबी चालक अंधेरे में फरार हो गया, तहसीलदार सिसौदिया द्वारा जेसीबी मशीन को मौके से जपती में लेकर पुलिस थाना रामपुरा की सुपुर्दगी में दिया गया, अभी तक कि जांच में जेसीबी मशीन प्रकाश रत्नावत निवासी ग्राम बारवाडिया तहसील रामपुरा की बताई जा रही, आगे की विवेचना जारी हैं।

### एचआईवी संक्रमण की रोकथाम हेतु विद्यार्थियों को दी गई जानकारी



**मंदसौर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह चौहान द्वारा बताया कि एचआईवी संक्रमण की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज डेक्सटर ग्लोबल पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के डीआईएस श्री राजेश रजक द्वारा विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय एवं उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। रजक ने बताया कि सरकार का उद्देश्य है कि जो व्यक्ति एचआईवी नेगेटिव हैं, वे नेगेटिव ही बने रहें। इसी लक्ष्य के तहत एचआईवी/एड्स जागरूकता अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाई जा रही है। उन्होंने बताया कि एचआईवी से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या परामर्श हेतु हेल्पलाइन नंबर 1097 पर निशुल्क कॉल किया जा सकता है। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल, शिक्षकगण एवं लगभग 70 विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को एचआईवी जागरूकता संबंधी पंपलेट भी वितरित किए गए।

### प्रेक्षक गौतम 14 से 19 अक्टूबर तक जिले में रहेंगे

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा जिला मंदसौर की नगरपालिकाओं एवं त्री स्तरीय पंचायतों की फोटो युक्त मतदाता सूची की वार्षिक पुनरीक्षण 2025 की कार्रवाई के प्रेक्षण हेतु कृष्ण मोहन गौतम भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत अधिकारी को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इनका मोबाइल नंबर 9425 047345 है। प्रेक्षक श्री गौतम सर्किट हाउस में मंदसौर में रुके है। इस दौरान वे दावे आपत्तियों की समीक्षा करेंगे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 11 वीं सत्र 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित

**मंदसौर।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा कक्षा 11 वीं सत्र 2026-27 के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। मंदसौर जिले के वे छात्र-छात्राएं जो वर्तमान में कक्षा 10 वीं में अध्ययनरत हैं, वे इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# कृषि उपज मंडी में पिकअप में लगी आग

- **मूंगफली खाली करने के बाद अंदर सो रहा युवक झुलसा, हायर सेंटर रेफर**

**नीमच। नीमच की पुरानी कृषि उपज मंडी में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात एक पिकअप में आग लग गई। इस घटना में पिकअप के अंदर सो रहा एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। सूचना मिलते ही बघाना थाना पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।**

जानकारी के अनुसार, पिकअप क्रमांक एमपी 44 जीए 1876 मूंगफली लेकर मंडी आई थी। मूंगफली खाली होने के बाद पिकअप लेकर आए दो युवक बाहर सो रहे थे। इसी दौरान, उनका परिचित भगतराम पिता खेमराज (45), निवासी ग्वाल देविया, थाना जीरन, पिकअप के अंदर सो रहा था।



अचानक पिकअप में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग इतनी भीषण थी कि पिकअप पूरी तरह से जलकर खाक हो गई और उसके अंदर सो रहा भगतराम बुरी तरह झुलस गया।

पुलिस और दमकल कर्मियों ने बचाव कार्य करते हुए आग पर काबू पाया। झुलसे हुए भगतराम को तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

भगतराम के परिचित विक्रम गुर्जर और मंगल उन्हें एंबुलेंस से आगे के उपचार के लिए हायर सेंटर ले गए हैं। बघाना पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गोसेवा के विवाद में गौसेवक से मारपीट, दो युवकों ने दुकान से सामान फेंका

**नीमच। शहर में गौसेवा करने वाले मितेश अहीर के साथ दो युवकों ने मारपीट की है। घटना रविवार रात को हुई, जब आरोपी युवकों ने मितेश की दुकान पर हमला कर सामान भी फेंक दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

मितेश अहीर ने पुलिस को बताया कि होली चौक निवासी अजय शर्मा की एक गाय शीतला माता मंदिर के सामने मुख्य सड़क पर बीमार पड़ी थी। लोगों की सूचना पर 10 अक्टूबर को मितेश अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे, उन्होंने बीमार गाय का उपचार किया और उसे ठेले की मदद से पशु मालिक अजय शर्मा के घर तक पहुंचाया था।

### दो युवकों ने मारपीट कर दुकान का सामान फेंका

मितेश के मुताबिक, इसी बात की रंजिश पालते हुए रविवार रात जब वह पुरानी कृषि उपज मंडी स्थित अपनी चाय-नाश्ते की दुकान चला रहे थे, तभी अजय पिता नारायण शर्मा (निवासी होली चौक, बघाना) और शाहरुख खान (निवासी नाका नं., बघाना) उनकी दुकान पर पहुंचे। आरोपियों ने मितेश के साथ गाली-गलौच और मारपीट शुरू कर दी, साथ ही दुकान का सामान भी फेंक दिया। मितेश ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद, मितेश अहीर ने बघाना थाने पहुंचकर विस्तृत एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों आरोपियों अजय शर्मा और शाहरुख खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लायंस क्लब मनासा द्वारा आदिवासी क्षेत्र में आदिवासी महिलाओं को साड़ियां वितरित

**मनासा।** लायंस क्लब मनासा द्वारा लॉ दिनेशज़ी झांवर परिवार के सौजन्य से मनासा तहसील के आदिवासी क्षेत्र कंजार्डा पठार क्षेत्र के ग्राम धाकड़खेडी में आदिवासी महिलाओं को साड़ियां वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक लायन अनिरुद्धजी मारू रहे। कार्यक्रम में झांवर परिवार के मुखिया गोविन्दजी झांवर, लायंस क्लब मनासा के अध्यक्ष लॉ विष्णुजी सोनी, सचिव लॉ नेमीचंद पाटीदार, कोषाध्यक्ष लॉ प्रशांत शर्मा, वरिष्ठ लॉ प्रद्युम्न जी मारू, लॉ रमेशजी मूंदड़ा, लॉ अशोकजी मालपानी, धाकड़खेड़ी एवं बख्तूनी के सरपंच भी मंचासिन रहे। कार्यक्रम के *मुख्य अतिथि लायन अनिरुद्ध माधव जी मारू द्वारा भगवान बिरसा मुंडा एवं मामा टंट्या भील* को याद करते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया




उन्होंने लायंस क्लब द्वारा विगत 3 वर्षों से आदिवासी क्षेत्र में साड़ी , गरम कपड़े एवं पोषण आहार वितरण के कार्यक्रम लिए जाने पर लायंस क्लब की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा शासन द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में लागू योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया तथा उनका लाभ लेने के लिए अपील की। कार्यक्रम को भाजपा के मण्डल अध्यक्ष कैलाशजी पुरोहित, लायंस क्लब के वरिष्ठ लायन प्रद्युमन जी मारू लॉ रमेश मूंदड़ा, लायन अशोकजी मालपानी एवं क्लब की कोषाध्यक्ष लॉ प्रशांत जी शर्मा द्वारा लायंस क्लब द्वारा मानवता के लिए किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी जिसमें मुख्य रूप से रक्तदान , नेत्रदान, देहदान, स्वास्थ्य शिविर एवं समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्तियों को सहयोग के बारे में बताया। लायंस क्लब के अध्यक्ष लॉ विष्णु जी सोनी द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया, कार्यक्रम के दौरान लॉ दिनेशज़ी झवर एवं मित्र मण्डल द्वारा भजन भी प्रस्तुत किए गए ।कार्यक्रम का संचालन लॉ महेशजी राठी द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन क्लब के सचिव लायन नेमीचंद पाटीदार द्वारा किया गया।

## कलेक्टर ने एपीसी समूह की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

- **जिले के 4 हजार 882 पशुपालकों को 15 .06 करोड़ की के .सी .सी .राशि वितरित**
- **एक माह में 2500 नये पशुपालकों को के .सी .सी .राशि जारी करने के निर्देश**

**नीमच। क**लेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में ए.पी.सी. समूह के विभागों की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने पीएमएफई योजना की प्रगति की समीक्षा में निर्देश दिए, कि आगामी एक माह में 30 नवीन प्रकरणों में ऋण स्वीकृति और 30 नये प्रकरणों में ऋण वितरण सुनिश्चित करे। अब तक 54 प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके है। पशुपालन विभाग की समीक्षा में बताया गया, कि पशुपालन केसीसी कार्य की प्रगति के लिए जिले को प्रदेश स्तर पर सराहना मिली है। इसमें ओर प्रगति लाई



जाए। कलेक्टर ने निर्देश, दिए कि एक माह में 2500 नये पशुपालकों को के.सी.सी.राशि का वितरण किया जाए और 2000 नये पशुपालकों के के.सी.सी.जारी करवाए जाए।

बैठक में बताया गया, कि इस साल अब तक जिले में 4 हजार 882 पशुपालकों को 15.06 करोड़ की के.सी.सी.राशि वितरित की गई है। कलेक्टर ने पशुपालन विभाग की हितग्राहीमूलक योजनाओं में भी शतप्रतिशत लक्ष्यपूर्ति के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा रबी में प्रस्तावित क्षेत्राच्छादन, उर्वरक की मांग एवं उपलब्धता की भी समीक्षा की। बैठक में बताया गया, कि जिले में वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक का भण्डारण है। वर्तमान में 20159 मैट्रीक टन उर्वरक उपलब्ध है।

कलेक्टर ने उप संचालक कृषि को जे फार्म एप पर 20 हजार किसानों का पंजीयन करवाने के निर्देश दिए। उन्होने डेयरी विभाग की समीक्षा में नवीन दुग्ध समितियों की संख्या बढ़ाकर 122 से 126 इसी माह करने, नये दूध उत्पादकों को जोड़कर, दुग्ध संकलन बढ़ाने तथा प्रतिदिन प्रति दुग्ध समिति, 140 लीटर दूध संकलन करने के निर्देश दिए।

## निडर युवा सेवा संस्था ने महिलाओं को आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ाया कदम

- **शामगढ़ में महिला सशक्तिकरण प्रशिक्षण प्रमाणपत्र वितरण समारोह**



**मंदसौर। निडर युवा सेवा संस्था द्वारा रेलवे रिटायर्ड कॉलोनी, शामगढ़ में आयोजित भव्य समारोह में महिला स्वरोजगार कौशल विकास प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली महिलाओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।**

कार्यक्रम के दौरान संस्था के अध्यक्ष शहजाद हुसैन ने बताया कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की सशक्त नींव हैं। निडर युवा सेवा संस्था उन्हें रोजगार के अवसर देकर उनके जीवन में आत्मविश्वास और सम्मान की भावना विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन माह तक चला, जिसमें महिलाओं को सिलाई, ब्यूटी पार्लर संचालन एवं नि:शुल्क कोचिंग क्लास प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली महिलाओं के साथ-साथ प्रशिक्षण प्रदान करने वाली टीम को भी संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। प्रमाणपत्र पाते ही महिलाओं के चेहरों पर खुशी झलक उठी। प्रतिभागियों ने संस्था के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने की नई दिशा दी है। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों के साथ-साथ नगर के कई गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खलील खान, दयाराम चौहान, आजाद खान, आरिफ शेख, महिदपुर से यूनुस हाजी साहब सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पद पर सुश्री संजीदा अब्बासी को नियुक्ति प्रदान की गई, जिससे उपस्थित जनों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। संस्था द्वारा महिलाओं के लिए भविष्य में और भी रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की गई।



## जेएसजी मेन मंदसौर व मेदान्ता हॉस्पिटल इंदौर द्वारा नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर, 200 ने लिया लाभ

**मंदसौर।** जैन सोशल ग्रुप मेन मंदसौर एवं मेदान्ता हॉस्पिटल इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में स्व. नरेन्द्र चौधरी की पुण्य स्मृति में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। नईआबादी स्थित कुबेर हाल में हुए शिविर में मेदान्ता हॉस्पिटल की डॉक्टर टीम ने हृदय, मस्तिष्क, हड्डी व लीवर रोगों से पीड़ित लगभग 200 मरीजों की जांच कर नि:शुल्क परामर्श दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक विपिन जैन, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों ने भगवान महावीर के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया। अध्यक्ष कमल कच्छारा, सचिव अशोक कर्नावट व प्रोजेक्ट चेयरमैन विकास चौधरी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर स्व. नरेन्द्र चौधरी की स्मृति में लिखित पुस्तक मेरे पिता, मेरे पित्र, मेरे कृष्ण का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम संचालन संजय लोढ़ा ने किया व आभार विकास चौधरी ने माना।

**एक नजर** | मातृशक्ति के नेतृत्व, संगठन और सृजन को समर्पित रहा कार्यक्रम

# सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान में सप्तशक्ति संगम का भव्य आयोजन

**मंदसौर। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में एवं विद्या भारती मालवा प्रांत के निर्देशन में सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान में रविवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। यह आयोजन मातृशक्ति के सात स्वरूप — श्री, वाक्, स्मृति, मेधा, धृति, क्षमा और कीर्ति — को जागृत कर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने को समर्पित रहा।**



कार्यक्रम का शुभारंभ नव युग का नव विचार आया गीत से हुआ। इसके बाद दीप प्रज्वलन और संस्कृत वंदना के साथ वातावरण को पवित्रता से ओतप्रोत किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मालवा की सदस्य श्रीमती बंटू भूत ने प्रस्तुत की। उन्होंने मातृशक्ति के सशक्तिकरण एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि डॉ. विनीता कुलश्रेष्ठ (प्राध्यापिका, प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय) ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संदर्भ में भारतीय दृष्टि विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि नारी ही परिवार की प्रथम गुरु है और वही समाज की संरक्षिका है।

विशिष्ट अतिथि डॉ. वीणा सिंह ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर वक्तव्य देते हुए कहा कि यदि नारी जागरूक है, तो राष्ट्र स्वत: प्रगतिशील बनता है। कार्यक्रम में नारी सशक्तिकरण पर आधारित नृत्य, समूह गीत हम ही मातृशक्ति हैं और प्रेरणादायी महिलाओं की वेशभूषा प्रस्तुति विशेष आकर्षण रहे। वीरांगनाओं के रूप में आई मातृशक्ति ने नारीशक्ति का जीवंत स्वरूप प्रस्तुत किया, जिसकी जानकारी श्रीमती सुधा राठौर ने दी।

इस दौरान समाज में आदर्श भूमिका निभा रही विशिष्ट माताओं का सम्मान किया गया, जिनमें संयुक्त परिवार चला रही माता श्रीमती चंद्रकला परवाल, समाजसेवी पुत्र की माता श्रीमती शोभा यजुर्वेदी, सशक्त महिला आदर्श श्रीमती लीला भंडारी तथा शहीद की माता श्रीमती रेखा कुंवर शामिल रहीं।

अध्यक्षीय उद्बोधन डॉ. रेखा कुमावत (प्राध्यापिका, शासकीय उच्चतर महाविद्यालय सीतामऊ) ने दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और संस्कार ही मातृशक्ति के वास्तविक उत्थान का आधार हैं।

अमृता भावसार (विद्या भारती ग्रामीण शिक्षा मालवा प्रांत उपाध्यक्ष) ने मातृशक्ति को सप्तशक्ति संकल्प दिलवाया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शिखा भंडारी ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. सरोज प्रसाद ने किया। आयोजन में नगर की बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।